हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
22 फरवरी 2026, बरेली

PAGE NO.9: MIDDLE

# एसआरएमएस रनिंग क्रिकेट कप की विजेता बनी सीईटी

रनिंग क्रिकेट कप सीजन तीन की विजेता बनी सीईटी की टीम।

## फाइनल मैच

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट इंस्टीट्यूशंस रनिंग क्रिकेट कप सीजन-3 का फाइनल मैच एसआरएमएस आईपीएस और सीईटी के बीच हुआ। अपने सभी नॉकआउट मैच जीत कर सीईटी की टीम फाइनल में पहुंची और आईपीएस को पांच विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मैच में 10 रन देकर दो विकेट लेने के साथ ही 23 गेंदों पर 23 रन बनाने वाले सीईटी के ऑलराउंडर आदित्य सक्सेना मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। पिछले बार के मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे सूर्य प्रताप को इस बार बेस्ट बॉलर की ट्रॉफी से संतुष्ट होना पड़ा। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता ने विजेता टीम को शुभकामनाएं दीं।